वर्ष- 21 अंक - 222 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 25 जनवरी 2026

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को जिंदा जलाया



**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश के नरसिंदी में 23 साल के हिंदू युवक चंचल भौमिक को उसकी ही दुकान के अंदर जिंदा जला दिया गया। वह दुकान में सो रहा था, तभी शटर बंद कर पेट्रोल डाला गया और आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावर बाहर खड़ा रहा और चंचल की जलकर मौत होने तक देखता रहा, फिर भाग गया। चंचल अपने परिवार का अकेला सहारा था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह बीमार मां, दिव्यांग बड़े भाई और छोटे भाई की जिम्मेदारी उठा रहा था। पिछले छह साल से वह उसी गैराज में काम करता और वहीं रहता था। इससे पहले बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास और खोकोन चंद्र दास जैसे हिन्दुओं को भी जिंदा जलाया जा चुका है।

## ट्रेन में प्रोफेसर की हत्या

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई लोकल ट्रेन में उत्तरप्रदेश के रहने वाले प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आलोक यहां निजी कॉलेज में पढ़ाते थे। कल शाम को जब वे घर लौट रहे थे, तभी ट्रेन में एक सहयात्री से उनकी बहस हुई। इसके बाद सहयात्री ने आलोक के पेट में चाकू घोंप दिया और फरार हो गया। आलोक की दो माह पहले ही शादी हुई थी।

## कार पर चढ़ा ट्रक 7 लोगों की मौत

**बनासकांठा.एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा ज़िले में रॉन्ग साइड से आया ट्रक इनोवा कार के ऊपर चढ़ गया जिससे 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक राजस्थान के पाली और सिरोही जिलों के रहने वाले थे।

## प्रधानमंत्री कार्यालय पर फेंके बम

**रविवार.एजेंसी।** अल्बानिया की राजधानी तिरान में विपक्षी दलों के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय पर पेट्रोल बम, पटाखे और स्मोक बम फेंके, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## कल अवकाश

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल सिटी ब्लास्ट कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 जनवरी मंगलवार को प्रकाशित होगा। सभी स्नेहीजनों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...।

**- प्र.सं.**

## फ्लैश...

- आज होने वाली लालू की पार्टी राजद की बैठक से पहले लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा पार्टी में घुसपैठियों का कब्जा हो गया है।
- गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में 70 गिरफ्तार
- झारखंड के हजारीबाग में मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव, दो पक्ष भिड़े, तनाव
- इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूस्खलन से 8 की मौत, 80 से अधिक लापता
- विंटर स्टॉर्म से दहला अमेरिका, बिजली गुल और सड़कें जाम, 13 हजार फ्लाइट कैंसिल

## शंकराचार्य के शिविर में घुसने का प्रयास

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में कल रात को करीब 1 दर्जन युवक भगवा झंडा लेकर पहुंचे और शिविर में घुसने का प्रयास करते हुए योगी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। ज्ञात रहे कि शंकराचार्य और मेला प्रशासन के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा है।








26
जनवरी
77वां
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
निवेदक : अंकित फाइनेंस, बेटमा

# बाकलीवाल की शपथ में 600 जैन प्रतिनिधियों को न्यौता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सामाजिक संसद के अध्यक्ष बने विनय बाकलीवाल और उनकी टीम ने कल रेस्टारेंट में 100 से अधिक लोगों के साथ भोजन पर बैठक का आयोजन किया और 27 जनवरी को जालसभागृह में दो की एक बनी सामाजिक संसद के अध्यक्ष पद की शपथ का आयोजन किया है। इस शपथ ग्रहण में 600 से अधिक सामाजिक संसद के प्रतिनिधि भाग लेंगे। जालसभागृह में 299 लोगों के बैठने की व्यवस्था है इसलिए 400 कुर्सी बाहर लगाई जाएगी। सभी लोगों को शाम 5.30 बजे जालसभागृह में पहुंचकर सूर्यास्त के पूर्व भोजन करने और उसके बाद 7 बजे से शपथ विधि समारोह में भाग लेने का न्यौता भेजा है। विनय बाकलीवाल कॉलेज के जमाने में राजनीति करते थे और उस समय से जुड़े हुए जैन समाजजनों को भी निमंत्रण दिया गया है। वहीं जैन समाज के युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से युवाओं को भी आमंत्रण दिया गया है। जैन समाज के वरिष्ठों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम गरिमामय हो जिससे आने वाले दिनों में कोई दिक्कत ना हो बल्कि सामाजिक संसद को ताकत के साथ चलाया जा सके।



## पार्षद पिता ने ठंड से मूर्छित हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचवाया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा तीन के वार्ड 59 की पार्षद डॉ. रूपाली पेंढारकर के पिता भाजपा नेता अरुण पेंढारकर ने मोती तबेला रोड पर ठंड से अकड़कर अर्धमूर्छित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचवाया। एम्बुलेंस बुलवाकर व्यवस्थाएं भी अरुण पेंढारकर ने जुटवाई।

## निर्वाचन अधिकारी को युवा कांग्रेस नेता ने दिया ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर स्थित निर्वाचन आयोग कार्यालय में अधिकारियों से प्रदेश में मतदाता सूची में 11 लाख नाम बढ़ने के मामले और लाखों कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटे जाने पर सबसे बड़ा सवाल उठाते हुए युवक कांग्रेस विधानसभा



3 के अध्यक्ष दानिश खान ने कांग्रेसियों के साथ निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया। अमित पटेल, नीलेश सेन, निखिल वर्मा, प्रतीक मित्तल, सावन सिलावट, रेहान अंसारी, प्रशांत तिवारी, सकलेन खान, फरीद अंसारी, अंकित जोशी, दादू रघुवंशी, शाकिर खान, जफर खान, शाहरुख खान, रजा खान, आकिब खान, जितेंद्र पाटिल, सचिन पंवार, आसिफ खान, रामू कुमार मौजूद थे।



## जैन बने हिंद सिंध समन्वयक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हिन्द सिंध समन्वयक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ से जुडे नवीन जैन को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर धीरज खंडेलवाल, डॉ. संतोष वाधवानी, मनीष चौधरी, सुनील गुप्ता, जगदीश वर्मा, गोपाल शाह, नीलेश अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, दीपक खंडेलवाल ने बधाई दी।

## एक और दिगम्बर जैन सामाजिक संसद बनने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सालोंसाल तक दो दिगम्बर जैन सामाजिक संसद चलती रही और अब दोनों के ही अध्यक्षों ने कांग्रेस नेता विनय बाकलीवाल को सामाजिक संसद का अध्यक्ष चुन लिया, लेकिन यह प्रक्रिया चुनाव से नहीं कुछ लोगों के बैठकर किए जाने की बात उठ रही है। दिगम्बर जैन सामाजिक संसद के पदाधिकारियों की विशेष बैठक हुई। मौजूद सदस्यों ने कहा कि अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संविधान में लिखित होना चाहिए। यह तय हुआ कि साधारण सभा की बैठक बुलाकर नियम अनुसार चुनाव की तिथि घोषित की जाए। सभी ने प्रस्ताव पारित किया। आगामी अध्यक्ष पद के निर्वाचन में जो असंवैधानिक मनोनयन हुआ उसे अस्वीकृत कर दिया गया। अब निर्वाचन की प्रक्रिया को संविधान के अनुसार जैन मंदिरों के अध्यक्ष, मंत्री, प्रतिनिधियों की स्वीकृति के अनुसार साधारण सभा बुलाकर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दिलीप पाटनी, एमके जैन, अरविंद जैन, सुशील पांडया, नवीन गोधा, राजेन्द्र सोनी, प्रिंसपाल टोंग्या, प्रतिपाल टोंग्या, शिवचंद जैन, अमित कासलीवाल बाहुबली पांडया, राजीव जयंत कासलीवाल, धीरेन्द्र कासलीवाल, कीर्ति पांडया, डॉ. जैनेन्द्र जैन, प्रदीप चौधरी, आदित्य कासलीवाल, डीके जैन, आशीष जैन, संजय जैन, होलास सोनी, धर्मेन्द्र पाटनी सहित अन्य मौजूद थे।

### लेटरपेड पर पूर्व अध्यक्ष लिख दिया, रहे भी नदारद

दूसरी दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष रहे राजकुमार पाटोदी ने भी रिश्तेदारी निभाकर विनय बाकलीवाल को अध्यक्ष बनवाया। दो दिन पूर्व जो बैठक सामाजिक संसद की हुई उसमें भी इस संसद को बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रखकर अध्यक्ष बनने वाले राजकुमार पाटोदी नहीं पहुंचे थे और जो बैठक के बाद मीडिया को समाचार जारी किया गया उसके लेटरपेड पर भी राजकुमार पाटोदी को पूर्व अध्यक्ष मान लिया गया। यह पत्र महामंत्री सुशील पांडया के हस्ताक्षर से जारी हुआ।

## भाजपाइयों ने किया राजमाता को याद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा कार्यालय के समीप राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर भाजपाई पहुंचे और राजमाता के पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, माल्यार्पण का आयोजन हुआ। राजमाता के विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, कृष्णमुरारी मोघे, सुदर्शन गुप्ता, भूपेंद्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, कंचन गिदवानी, राजेन्द्र जायसवाल, अंजू माखीजा, वासुदेव पाटीदार, गोविंद पंवार, गुलाब ठाकुर, राजा कोठारी, शैलजा मिश्रा, नागेश पंवार उपस्थित थे।

## खंडेलवाल कल कराएंगे पतंग उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संस्था सृजन के बैनर तले कमलेश तनुजा खंडेलवाल द्वारा कल 26 जनवरी को पतंग उत्सव का आयोजन बीएसएफ ग्राउंड बिजासन रोड पर किया जाएगा। संतों और राजनेताओं के अलावा विधानसभा 1 सहित अन्य जगह के रहवासियों की मौजूदगी भी मिलेगी। चाइना धागन से पतंगबाजी प्रतिबंधित की गई है। राजनेताओं द्वारा भी पतंग उड़ाई जाएगी। खंडेलवाल ने बताया कि 12 जिलों के पतंगबाज भाग लेने आएंगे और अच्छी पतंगबाजी पर पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजन कल सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जो शाम 6 बजे तक चलेगा। 5 हजार पतंगें निःशुल्क वितरित की जाएगी। पहले झंडा वंदन कर भारत माता के जयकारों के साथ आयोजन शुरू होगा। कई समाजों के पदाधिकारियों और समाजजनों को भी आमंत्रित किया गया है। पतंग उत्सव के लिए अहमदाबाद, सूरत से धागन बुलवाया गया है।

## भाजपा नेता वालिया ने लिया संत से आशीर्वाद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 2 से जुड़े भाजपा नेता सुरजीतसिंह वालिया ने कल अपने अवतरण दिवस पर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी विशोकानंद महाराज से उनके निज निवास पर पाद-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

## पहाड़िया ने किया चिड़ियाघर का दौरा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। चिड़ियाघर प्रभारी नन्दकिशोर पहाड़िया ने चिड़ियाघर का दौरा किया। सारी व्यवस्थाएं भी देखी। चिड़ियाघर की एक ही बिल्डिंग में तीन प्रोजेक्ट चलेंगे जिनकी शुरूआत जल्द होगी। 14-डी का थिएटर भी बनेगा, जिसमें कुर्सियां 360 डिग्री घूमेगी। मुख्य द्वार के पास 7 हजार वर्गफीट में ओपन थिएटर बनाया जा रहा है, जिसमें 3 करोड़ रु. खर्च भी होंगे। इस थिएटर में एक बार में 60 दर्शक बैठेंगे जो थ्री-डी चश्मा लगाएंगे। 14-डी थिएटर और वर्चुअल सफारी के साथ ही होलोग्राम जू भी तैयार



किया जा रहा है। पहाड़िया ने कल भी निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को जल्द गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पहाड़िया ने बताया कि प्रदेश का पहला वह देश का 14 नंबर का जू होगा वाइल्ड लाइफ और साइंस आधारित फिल्में भी दिखाएंगे इस थिएटर में वाइल्ड लाइफ और साइंस आधारित फिल्में भी यहां दिखाई जाएगी। 14 डी तकनीक में विभिन्न प्रकार के इफेक्ट्स दर्शकों को वास्तविक अनुभव करवाते हैं। दर्शकों को लेंथ, डेप्थ के साथ दृश्य एकदम नजदीक दिखेगा। कुर्सियां 360 डिग्री मूवमेंट का आभास करवाएंगी। डी-वाटर, फॉग और बारिश का रोमांचक अनुभव होगा। ऐसा लगेगा जैसे जंगल में बैठे हैं और विशालकाय जानवर हमारे आसपास हैं। एक तरह से यह घर बैठे जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव देगा। हालांकि गर्भवती महिलाओं और हार्ट पेशेंट को बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी।



# भागीरथपुरा में रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

## अस्पताल में थे इलाजरत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम बोरासी की आज सुबह मौत हो गई। उनकी पहचान प्रदेश के अनुदान प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की लड़ाई लड़ने वाले के रूप में भी थी। बताया जा रहा है भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से हुई त्रासदी में भी बोरासी ने पूरे समय प्रशासन का पूरा सहयोग किया। वे लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन विकास समिति और रेलवे पुलिस सुरक्षा समिति के सदस्य भी थे। सूत्रों के मुताबिक बोरासी की तबीयत बिगड़ने पर कल ही उन्हें सुपर स्पेशलिटी में भर्ती किया गया था जहां आज सुबह उन्होंने आज अंतिम सांस ली। उनकी मौत किन कारणों से हुई है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन वे भागीरथपुरा में निवासरत थे, इसलिए उनकी मौत को सोशल मीडिया पर दूषित जल से जोड़कर बताया जाने लगा। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।



# वैष्णोदेवी के लिए यात्रियों की शोभायात्रा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माँ वैष्णोदेवी भक्त युवा मंडल के धर्मेन्द्र जोशी ने बताया कि आज सुबह अटलद्वार से 11 दिवसीय वैष्णोदेवी एवं अन्य जगह जाने वाले भक्तों की शोभायात्रा रेलवे स्टेशन तक निकाली गई। आयोजन से राजू शर्मा, महेश पालीवाल, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, काशी मिश्रा, विवेक शुक्ला, गिरीश जैन, मनीष तिवारी, रितेश बाफना, डॉ. आलोक डोलिया, जितेन्द्र त्रिपाठी जुड़े हुए हैं।



# महापौर ने किया माँ नर्मदा प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज सुबह माँ नर्मदा की जयंती पर नर्मदा प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया, महाआरती में शामिल हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भाजपाई मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में 107 का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष आयोजित किया जा रहे मुख्य समारोह में 107 व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले जिले के 107 अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों के 46 अधिकारियों कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। वहीं दिवंगत परिजनों की देहदान करने वाले जिले के 40 परिवारों, अंगदान करने वाले एक परिवार और विशिष्ट सेवा देने वाले 20 पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों को मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**आज प्रातः भी किया दौरा-** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के आयोजन के लिए की जा रही तैयारी का आज प्रातः नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने दौरा किया। उन्होंने वहां पर नगर निगम के द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं की स्थिति को देखा। उन्होंने अधिकारियों से यह जानकारी ली की अब क्या काम किया जाना शेष है। ध्यान रहे कि कल गणतंत्र दिवस की परेड की फाइनल रिहर्सल की गई थी। आज भी एक बार फिर रिहर्सल करते हुए कल होने वाले मुख्य समारोह के लिए सभी तैयार होंगे।

# मास्टर प्लान सड़क का महापौर ने किया निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा क्षेत्र दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 स्थित मालवीय नगर की मास्टर प्लान सड़क का स्थल निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय पार्षद एवं नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की गुणवत्ता, कार्य गति और तकनीकी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि मालवीय नगर मास्टर प्लान सड़क का कार्य आगामी मई माह तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित और आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके।

# नया मोबाइल और नई सिम लेते ही बैंक खाता साफ

**इंदौर।** चंदन नगर क्षेत्र के राजनगर में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। फरियादी रामचन्द्र प्रजापत (57) ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक नया मोबाइल खरीदा था और उसमें नई सिम कार्ड डाली थी। जैसे ही उन्होंने अपना फोन-पे अकाउंट चेक किया, उनके होश उड़ गए। उनके बैंक खाते से किस्तों में कुल 1 लाख 60 हजार 162 रुपये निकल चुके थे। अज्ञात आरोपी ने मोबाइल और सिम एक्टिवेट होते ही अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए यह राशि पार कर दी। चंदन नगर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क पर खुदे गड्ढे में स्कूटी सहित गिरी युवती

## राहगिरों ने निकाला फिर लगाए बैरिकेड्स और हेलोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



एरोड्रम क्षेत्र में शनिवार रात एक युवती स्कूटर सहित सड़क किनारे खुदे गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद वह काफी देर तक वहीं बेसुध पड़ी रही। राहगिरों की नजर पड़ने पर उसे बाहर निकाला गया। थोड़ी देर बाद स्कूटर को भी गड्ढे से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना स्कीम नंबर 51 स्थित कचरा स्टेशन के पास की है। बताया जा रहा है कि युवती स्कूटर से गुजर रही थी, तभी संतुलन बिगड़ने से वह सीधे गड्ढे में गिर गई। यह गड्ढा सड़क निर्माण के दौरान ड्रेनेज लाइन डालने के लिए खोदा गया था, जिसे ठीक से बंद नहीं किया गया। घायल युवती को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर रात में पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेड्स लगाए गए। घटनास्थल पर अंधेरा भी था जिसके बाद वहां हेलोजन भी लगाया गया। क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में भारी अंधेरा रहता है और सड़क निर्माण के कारण मार्ग काफी संकरा हो गया है, इसी वजह से यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# राधा स्वामी सत्संग के समीप दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा सामान बेचने पर आपत्ति

## *हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने थाना पर पहुंचकर की शिकायत*



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** खंडवा रोड पर राधा स्वामी सत्संग का आयोजन कल शनिवार से शुरू हुआ, जो आज भी जारी है। बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग में शिरकत करने पहुंचते हैं। बाहर सत्संग स्थल के समीप दूसरे वर्ग के कुछ लोग सामग्री का विक्रय कर रहे थे। इस पर हिन्दू जागरण मंच के सुमित हार्डिया को भी जानकारी दी गई वे उनकी टीम खंडवा रोड सत्संग के समीप पहुंचे और वहां दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा विक्रय की जा रही सामग्री का विक्रय किए जाने पर उनके आईडी भी लिए गए। अलग-अलग आधार कार्ड मिलने की बात भी बताई गई। इस मामले में हिन्दू जागरण मंच के सुमित हार्डिया सहित अन्य पदाधिकारी भंवरकुआं थाना पहुंचे और वहां लिखित शिकायत भी हार्डिया ने जांच के लिए दर्ज कराई।

# रानी सराय के पेड़ बचाने के लिए आज पेड़ों को बांधेंगे रक्षा सूत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मेट्रो स्टेशन के लिए रानी सराय के पुलिस स्टेशन के 250 पेड़ काटे जाना है। इन पेड़ों को बचाने के लिए आज रक्षा सूत्र बांधे जाएंगे। इन पेड़ों पर जीवन चलाने वाले पक्षियों का आशियाना उजाड़ने की ओर है।

अभ्यास मंडल ने हमेशा शहर हित मे कार्य किया है। अभी रानी सराय इंडियन कॉफी हाउस में मेट्रो स्टेशन बनने हेतु 250 पेड़ कटाई होना और पक्षी आशियाना उजाड़ना प्रस्तावित है उसके विरोध में आंदोलन चल रहा है। अभ्यास मंडल सदस्य इस आंदोलन के समर्थन में कुछ समय धरने पर बैठ चुके है। अब आज रविवार को इसी जगह शाम 5 से 6 बजे तक वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम होगा। इसमें सक्रियता से भागीदारी के लिए शफी शेख, स्वप्निल व्यास, मुरली खंडेलवाल, वैशाली खरे, प्रणिता दीक्षित को संयोजक बनाया गया है।

रानी सराय के पुलिस कार्यालय के क्षेत्र में पेड़ों को बचाने के लिए कुछ संगठनों के द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है।

इन संगठनों के कार्यकर्ता इस परिसर में धरना देकर भी बैठे हुए हैं। इसके साथ ही हर शाम को रीगल तिराहे पर जन जागरण का अभियान भी चलाया जाता है। ध्यान रहे कि हमेशा विकास की कीमत पेड़ों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। इस समय क्रियान्वित की जा रही मेट्रो परियोजना के कारण शहर के अंदर बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई प्रस्तावित की गई है। इसमें से कई स्थानों पर कटाई का कार्य हो चुका है। रानी सराय परिसर में यह कार्य शुरू होने वाला है। रीगल चौराहा क्षेत्र में बड़ी संख्या में अलग-अलग प्रजाति के पक्षी आते हैं। यह पक्षी पेड़ों पर ही अपना आसरा डालते हैं। सभी पक्षी के समक्ष पेड़ कट जाने से एक गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके साथ ही इन पक्षियों का इंदौर आना भी असंभव हो सकता है।

# क्रेडाई प्रॉपर्टी शो में मिल रहा प्रतिसाद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो को प्रतिसाद मिल रहा है। एमआर-10 स्थित सी-21 एस्टेट ग्राउंड पर आयोजित यह प्रॉपर्टी शो कल 26 जनवरी तक चलेगा, जहां विज़िटर्स ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रवेश कर एक ही स्थान पर विभिन्न नामी डेवल-पर्स के रेसिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर पा रहे हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा ने न केवल विज़िटर्स के लिए शो में भाग लेना आसान बनाया है, बल्कि उन्हें अपने बजट और ज़रूरत के अनुसार रेडी टू मूव, अंडर कंस्ट्रक्शन और रेडी पजेशन प्रॉपर्टीज़ के विकल्प भी उपलब्ध कराए हैं। यह शो संभावित खरीदारों के साथ-साथ डेवलपर्स के लिए भी एक सशक्त मंच साबित हो रहा है, जहां वे सीधे ग्राहकों से संवाद कर अपने




प्रोजेक्ट्स की विशेषताओं को प्रस्तुत कर रहे हैं। गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी और एसएस इन्फिनिटस शामिल हैं, गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में स्काय अर्थ, लाभम, एम. झवेरी और एसएस इन्फिनिटस शामिल हैं, सिल्वर स्पॉन्सर रुचि रियल्टी, शुभम ग्रुप, बीसीएम ग्रुप और ड्रीम ग्रुप हैं। रियल एस्टेट नॉलेज सीरीज़ में विशेषज्ञों के विचार रियल एस्टेट नॉलेज सीरीज़ में टियर 2/3 सिटीज में ग्रोथ पर 24 जनवरी को आयोजित सेमिनार में सीएनबीसी आवाज़ के एसोसिएट एग्जीक्यूटिव एडिटर श्री विपिन भट्ट, पंकज तेखचंदानी, राजेश मेहता बीसीएम ग्रुप, निर्मल अग्रवाल अपोलो क्रिएशंस, मनीष शहरा रुचि रियल्टी, संदीप श्रीवास्तव क्लासिक ग्रुप, अतुल झंवर डेवलपर्स ने अपने विचार व्यक्त किए। एसोसिएट एग्जीक्यूटिव एडिटर श्री विपिन भट्ट, ने कहा कि 'इंदौर निश्चित रूप से अगला मेट्रो सिटी बनेगा। स्वच्छ शहर का टैग इसे एक बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देता है। यदि नीतियों को और सकारात्मक बनाया जाए और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ, तो इंदौर उच्च जीवन गुणवत्ता वाला शहर बन सकता है। संदीप श्रीवास्तव, पंकज तेखचंदानी, राजेश मेहता, निर्मल अग्रवाल, मनीष शाहरा ने भी सार्थक उदबोधन दिए।



जबर्दस्त ठंड, कई जगह लोगों ने लगाए

**अलाव**

# कल रात के बाद आज सुबह भी रहा कोहरा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज रविवार छुट्टी का दिन है, कई लोगों को तो आज सुबह की ठंड और कोहरे का एहसास ही नहीं हुआ, क्योंकि कई लोग सुबह देरी से सोकर उठते हैं, लेकिन जो लोग सुबह घूमने और काम पर निकलते हैं उन्हें आज जमकर ठंड का एहसास भी हुआ और कोहरे का सामना भी हुआ। कोहरा कल रात से ही था, लेकिन आज सुबह से जमकर कोहरा पसरा मिला, खासतौर से आउटर इलाके में कोहरा ज्यादा ही था। शहर के मध्य भी कोहरे का असर 10 बजे तक भी नजर आया। वहीं लोगों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं लकड़ी जलाई तो कहीं अलाव के साधन से आग से तापने का इंतजाम किया। वहीं जो लोग आज घर से बाहर निकले वे पूरी तरह ढंककर ठंड से बचने की जुगत करते देखें गए।



छाया- धर्मेन्द्र गेंदर

## 50 कलाकारों ने दिखाई कलाकृति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सृष्टि कलाकुंज कला संस्थान के परिसर में कला, साहित्य और भारतीय परंपराओं का अनूठा संगम 50 कलाकारों की मौजूदगी में देखने को मिला। कलाकारों ने अपनी कला को कार्यशाला के माध्यम से उकेरा। ऋतुराज बसंत की खुशबू और मिट्टी की हर आकृति में कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। परिसर को विशेष रूप से वासंती शैली में सजाया गया, जहाँ पीले पुष्प, लोक सजावट और प्राकृतिक तत्वों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सुधा स्टूडियो, प्रगति पार्क, बड़ियाकीमा, बिचौली मर्दाना स्थित परिसर में कलाकारों द्वारा रचित कृतियों को प्रदर्शनी के रूप में सजाया गया। जिसमें शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश के नामी कलाकारों की चुनिंदा कलाकृतियाँ दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रदर्शनी में चित्रकला के साथ-साथ मूर्तिकला के भी सुंदर और सजीव उदाहरण देखने को मिले।





# मराठा सेना का हल्दी कुमकुम आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना ने सांई मंदिर लवकुश आवास विहार में हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया। चन्द्रकांत कुंजीर, निहारिका कुंजीर ने बताया कि मातृशक्तियों ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाया, गीत-संगीत और अन्य आयोजन किए, विजेताओं को पुरस्कार भी दिए। सुरजीतसिंह वालिया, चंदू शिंदे, मिलिंद दिघे, करण कुंजीर, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, सरिता कुशवाह, निहारिका कुंजीर, रिया कुंजीर, योगेश देशमुख, संतोष पंवार मौजूद थे।





# हेरिटेज वॉक और साइकल रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में कल साइकिल रैली और हेरिटेज वाक का आयोजन किया गया, जो कृष्णपुरा छत्री, राजवाड़ा महाराजा हरि राव होल्कर की छत्री होते हुए लाल बाग पर समाप्त हुआ। 70 लोगों ने भाग लिया। लालबाग पर 170 युवा टूरिज्म क्लब विद्यार्थी एवं पर्यटन हितधारक और सम्मिलित हुए और वहां पर एक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। जिसमें लालबाग पैलेस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# मुस्लिम समाजजन रहे सोसायटी के जलसा में मौजूद





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अरीब एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अरीब सोसाइटी के ज़ेरे एहतिमाम चलने वाले मदरसा सिद्दीकिया, अरीब एक्सीलेंस अकेडमी स्कूल, मदरसा सिद्दिकियाह बराए ख़्वातीन का सालाना जलसा मदीना नगर में आयोजित हुआ। कुरआने करीम की तिलावत के बाद मदरसे के बच्चों ने नात-ए-मक़बूल, हम्द-ए-बाअरा और तक़रीर के ज़रिए प्रोग्राम को रौनक बख़्शी। कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आदिल सईद, मुजीब, एस कमाल, जावेद आलम, सलीम फारुकी अतिथि थे। संस्था के शाहरूक मंसूरी, फिरोज मलिक, मुबीन, युनूस खान, शोएब खान, इमरान खान, अमानुल्लाह सिद्दिक़ी मौजूद थे।



# स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** झंडा ऊंचा रहे अभियान रीगल तिराहा पर बने इंडिया गेट और अमर शहिद स्मारक पर स्काउट गाइड से जुड़े विद्यार्थी बच्चें पहुंचे और उन्होंने श्रद्धासुमन भी अर्पित किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

# 101 अर्थ मूवर्स मशीनों के साथ कल तिरंगा यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर अर्थ मूवर्स एकता संघ डीआरपी लाइन द्वारा कल सुबह 11 बजे 101 अर्थ मूवर्स मशीनों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा गांधी नगर मेट्रो चौराहा से प्रारंभ होकर पितृ पर्वत तक जाएगी। विशाल जायसवाल, मनोज शर्मा, विशाल पाटीदार, संतोष दीवान, सुरेश जायसवाल, ब्रजकिशोर यादव, आनंदसिंह कछवाह ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। स्कूलों के छात्रों को भी आयोजन से जोड़ा है वे भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। सम्मान का आयोजन भी होगा। इस तरह का आयोजन पहली बार हो रहा है इसलिए इस आयोजन को वर्ल्ड रिकार्ड बुक ऑफ एक्सीलेंस भी दर्ज करवाने की कोशिश की जाएगी।



# संगीत की महफिल सजी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रीतमलाल दुआ सभागृह में म्यूजिकल नाइट ग्रुप ने संगीत की महफिल सजाकर एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुति गायकों ने दी। नवीन श्रीवास्तव, अस्मित सागर ने बताया कि रिया श्रीवास्तव, अमित सागर, नवीन श्रीवास्तव, रिया श्रीवास्तव,, आशीष श्रीवास्तव, अनिता चौहान, कमल सिंह चौहान ने गीतों की प्रस्तुतियां दी।

# कल जगह-जगह होगा झंडावंदन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

देश का राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस कल देश प्रदेश के साथ इन्दौर में भी मनाया जाएगा। जगह-जगह झंडावंदन के आयोजन होगे। चौराहों से लेकर स्कूल, कालेज, संस्थाओं और राजनीतिक दलों द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा झंडा लहराने का आयोजन होगा। इन्दौर का मुख्य आयोजन बड़े रूप में नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। कल स्टेडियम में परेड की सलामी उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा लेंगे। वहीं भगवा आटो रिक्शा चालक संघ अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर मंगल पांडे नगर फूटी कोठी चौराहा पर 10.30 बजे भारत माता का पूजन कर ध्वजारोहण का आयोजन करेंगे। रामेश्वर जिला संघ के लोकेश सोलंकी, रकमसिंह सैनी, कुटुम्ब प्रबोधन, कमलेश वाजपेयी, सोहन जोशी, किशोर पाटीदार, कमल रामायणी, लक्ष्मीनारायण जोशी, गोरखाश्री, जितेन्द्र शर्मा, विजय राठौर, आशीष शर्मा मौजूद रहेंगे। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने दी। वहीं जैन समाजजन द्वारा सुपर कारिडोर रतनदादा पाटोदी चौराहा पर कल सुबह 8.30 बजे मुनि पूज्य सागर म.सा. की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुनि के राष्ट्रहित और सद्भावना पर आधारित मंगल प्रवचन होंगे। नटराज रंगमंच समूह महू के कलाकारों द्वारा कल 26 जनवरी को स्थानीय चौपड़ा वाटिका महू में शाम साढ़े सात बजे नाटक का मंचन किया जायेगा।

# बिजासन माता के जयकारों के साथ आज शाम रथयात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिजासन माता टेकरी से पुजारी परिवार द्वारा आज शाम 4 बजे टेकरी मंदिर से रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शक्तिपीठ बिजासन माता मंदिर से नौ देवियों की पूजा आराधना और जयकारों के साथ यह रथ यात्रा प्रारंभ होगी। दीपकरत्न गोस्वामी ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस गुप्त नवरात्र में होने वाले रथयात्रा महोत्सव में शामिल होंगे। तीन दिनों से यह आयोजन किया जा रहा है। 23 जनवरी को महाभिषेक और कल 24 जनवरी को भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था और आज माता के जयकारों के साथ यह रथ यात्रा निकाली जाएगी।





# जैन महासमिति ने किया पुष्पांजलि आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रीगल तिराहा स्थित इंडिया गेट और अमर जवान ज्योति पर पहुंचकर दिगम्बर जैन महासमिति से जुड़े जैन पदाधिकारियों ने देश के वीर शहीदों को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वीरेन्द्र बड़जात्या, जैनेश झांझरी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, निलेश सेठी, आतिश जैन, पिंकेश टोंग्या, भरत बड़जात्या, पराग जैन, पवन पाटोदी, प्रमोद पा-पड़ीवाल, राजकुमार पाटनी, कमलेश गंगवाल मौजूद थे।

# भिक्षावृत्ति त्यागकर 'आत्मनिर्भर' बने इंदौर के 3 लोग देखेंगे दिल्ली में परेड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रशासन ने भिक्षावृत्ति मुक्त शहर का अभियान चलाया था, जिसमें काफी सफलता भी मिली थी। भिक्षावृत्ति मुक्त भारत के स्वप्न को केन्द्र सरकार ने साकार करते हुए देश भर से ऐसे 100 नागरिकों का चयन किया, जो कल गणतंत्र दिवस पर शामिल होंगे। इंदौर से 5 लोग परेड में विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर शामिल होंगे। देश भर के 100 लोगों के साथ इंदौर के 5 लोग भी केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्रकुमार खटीक के साथ चर्चा भी करेंगे और सहभोज में शामिल भी होंगे। इन 5 लोगों का सफर हवाईजहाज से इंदौर से दिल्ली तक का होगा। इसका निर्णय कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया। इनमें से तीन लोग ऐसे हैं, जो पहले भिक्षावृत्ति से जुड़े थे और अब आजीविका से जुड़े हैं। वहीं दो अन्य लोग जो संस्था प्रवेश के प्रतिनिधि है वे भी विशिष्ट अतिथि के रूप में 5 लोगों के दल में इंदौर से कल दिल्ली गणतंत्र दिवस आयोजन में शामिल होंगे।

# युवाओं को सड़क सुरक्षा के लिए किया पुलिस ने जागरूक





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कॉलेज के छात्रों को पुलिस उपायुक्त यातायात आनंद कलादगी ने सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता से रूबरू करवाया। किस तरह से तेज गति और लापरवाही से स्टंटबाजी और नशा नुकसान पहुंचा सकता है, दुर्घटना घट सकती है, बगैर हेलमेट के क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं, इन सबको जागरूकता अभियान के तहत समझाया गया।

# 'नर्मदा साहित्य मंथन' के 'पंचम् सोपान' का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व संवाद केन्द्र मालवा के वार्षिक साहित्योत्सव 'नर्मदा साहित्य मंथन' के 'पंचम् सोपान' का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक इन्दौर में होने जा रहा है। इस साहित्योत्सव का उद्देश्य समाज जीवन के विविध पक्षों पर विचार-मंथन कर समाज को वैचारिक रूप से जागरूक करना है। नृत्य नाटिका क़ा मंचन, कवि सम्मेलन, पुस्तक मेला, महिला नेतृत्व संवाद सहित अन्य आयोजन होंगे।





## अक्शा जय चुघ का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अक्शा जय चुघ को राज्य दिशा समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रेस क्लब में सम्मान का आयोजन किया गया। सुभाष वर्मा, वंदना-रमेश राठौर, मुकेश सेन, कैलाश श्रीवास, मयंक जोशी, सोनू जाट, सागर तिवारी, महेश चौकसे, सहित अन्य मौजूद थे।



## आचार्य कुंदकुंद स्वामी की पूजा अर्चना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोम्मटगिरि तीर्थ स्थल पर आचार्य कुंदकुंद स्वामी की पूजा-अर्चना करके उनकी प्रतिमा एवं चरण चिन्ह की वन्दना की। अनिल जैन, ओम पाटोदी, विकास जैन, चर्चित पाटोदी, अनंत जैन गोल्डी सहित अन्य मौजूद थे।

# ढाई आखर कला संवाद आज दोपहर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ढाई आखर एवं जीवनशाला के तत्वावधान में आज 25 जनवरी को 3.30 बजे से जीवनशाला विसर्जन आश्रम दूरदर्शन कैंपस के पास संवाद आयोजित किया जाएगा। जिसमें तत्संग एवं तत्संवाद में मृत्यु भोज क्यों विषय पर संवैधनिक प्रावधान एवं सामाजिक अवधारणाओं पर समूह चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में एरोबिक्स प्रशिक्षक हाफिज खान द्वारा शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिए एरोबिक्स का अभ्यास कराया जाएगा।

कार्यक्रम निःशुल्क है और सबके लिए खुला है। संयोजक पूजा कुशवाह एवं छोटेलाल भारती ने बताया कि कार्यक्रम निर्धारित समय में प्रारंभ एवं समाप्त होता है इसलिए समय पर उपस्थित हों।

## खंडेलवाल दिवस पर संत सुंदरदास की आरती

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत श्री सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में माँ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव एवं खंडेलवाल दिवस के उपलक्ष्य में नवलखा चौराहा स्थित संत श्री सुंदरदास के सुश्रृंगारित स्मारक पर श्रृंगार कर दीप प्रज्वलन किए, आरती उतारी। दिनेश कुलवाल, कैलाशचंद्र खंडेलवाल ने उक्त जानकारी दी।

# नाकोड़ा भैरव दीप-श्रृंगार व महाआरती

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नाकोड़ा बंदे ग्रुप द्वारा आयोजित 'एक शाम पार्श्व भैरव भक्ति के नाम' कार्यक्रम में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर, गुमाश्ता नगर में आयोजित इस भक्ति संध्या में अभिग्रहधारी राजेश मुनि म.सा. के महामांगलिक द्वारा आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्राप्त हुई। सिद्धार्थ मूथा, लक्की साखलिया ने देर तक भजनों की प्रस्तुति दी। पार्श्व भैरनाथ के जयकारे भी लगे। राजेश जैन युवा, अक्षय बम, प्रकाश भटेवरा, दीपक जैन टीनू, विपिन साँखला, गौरव गुड़वाला, कुलदीप बुरड़, निमेश पितालिया, संजय नाहर, नितिन छाजेड़ सहित अन्य मौजूद थे।



# मारवाड़ी महिलाओं ने किया रिसोर्ट भ्रमण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मारवाड़ी महिला मंडल समन्वय शाखा की सखियों ने रमणीय रिसॉर्ट में सामूहिक भ्रमण किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया। संगीता ठाकुरिया, शशि कूलवाल, गिरिजा विजयवर्गीय, अंजना खंडेलवाल, प्रतिभा अमेरिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।





## सम्मेद शिखरजी में रथयात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मांगीलाल मंडल मल्हारगंज के 350 श्रद्धालुओं ने तीर्थराज श्री सम्मेदशिखरजी की 27 कि.मि.वंदना करने के पश्चात तलहटी पर श्रीजी को रथ में विराजमान कर रथयात्रा निकाली। मनीष गंगवाल अल्लू, मनमोहन झांझरी, राजेश पंड्या, संदीप गंगवाल, अजयपाल टोंग्या, भरत काला, पम्पी रारा, गिरीश गंगवाल, संगीता पाटोदी, विनोद काला, सुनील जैन, अनिल भोखाखेडी सहित अन्य मौजूद थे।

## नर्मदा जयंती के लिए श्रद्धालु महेश्वर रवाना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मां नर्मदा जयंती के अवसर पर आज बडी संख्या में श्रद्धालु इन्दौर से महेश्वर के लिए रवाना हुए जहां मां नर्मदा मैया को 1100 मीटर की चुनरी अर्पण कर 1100 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया जाएगा। 2100 कन्याओं का पाद-पूजन भी होगा। वेद मंत्रों के बीच पूजन-अर्चन किया जा रहा है। सुरजीतसिंह वालिया ने उक्त जानकारी दी।

## दिव्य शक्तिपीठ पर भजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रेडिसन चौराहा स्थित श्री दिव्यशक्ति पीठ पर बसंत उत्सव में भजन गायक विवेक मेहता के भजनों पर सैकड़ों भक्त झूमें। शाम 7 बजे से आयोजित बसंत उत्सव की शुरुआत भगवान के पूजन अर्चन के साथ हुई।



## कोली समाज की कल होगी परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महावर विचार मंच के नन्दराम मेहर, रूपचंद चौधरी ने बताया कि कोली/कोरी समाज का परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। सम्मेलन और सम्मान आयोजन को लेकर कल 26 जनवरी को शाम 6 बजे शिव मंदिर महावर नगर में समाजजन के प्रबुद्धजनों और संगठनो के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है। सम्मेलन पर चर्चा के अलावा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी में नवनियुक्त पदाधिकारियों प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा दानिश, ओमप्रकाश धीमान, देवीशंकर कोटिया, नवीन चौधरी के सम्मान का आयोजन भी किया जाएगा।



# पत्रलेखक मंच का स्थापना दिवस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लेखकों की संस्था पत्र लेखक मंच के स्थापना दिवस क़ा आयोजन इन्दौर समाचार कार्यालय में किया गया। मां सरस्वती और सुरेश सेठ के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। राहुल निहोरे, सुशील कलमेरी, डॉ. मनीष दवे, राजेश नेमा, दिलीप नीमा, आशिक देवासवाला सहित अन्य मौजूद थे।

# बगैर ट्रीटमेंट इंडस्ट्री वेस्ट वॉटर नदी-नालों में छोड़ा जा रहा

## नगर निगम ने दिखाई सख्ती, स्पॉट फाइन के साथ ही फैक्ट्रियां सील

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम द्वारा ग्राउंडवाटर दूषित नहीं हो इसके लिए शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में सर्वे शुरू कर दिया गया है और ऐसी औद्योगिक जिन्होंने इंडस्ट्रियल वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट के लिए ईटीपी प्लांट नहीं लगाया है उन पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को भागीरथपुरा में पालदा, पोलो ग्राउंड, नेमावर रोड सहित नगर निगम सीमा के 22 जोन के अंतर्गत उद्योग क्षेत्र में मुहिम चलाई गई। इस दौरान इंडस्ट्रियल इकाइयां जो अपने यहां निकलने वाले वेस्ट वाटर का ट्रीटमेंट नहीं करते हुए इस गंदे पानी को नालों और चेंबर में बहा रही है उन पर कड़ी कार्रवाई की गई। ऐसी औद्योगिक इकाई पर 50000 से 100000 तक का स्पॉट फाइन किया गया गया। साथ ही 15 दिनों में प्लांट लगाने की चेतावनी दी गई वरना फैक्ट्री को स्थाई रूप से बंद करवाने की चेतावनी दी गई।।

नगर निगम अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि शहर में गंदगी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कई इंडस्ट्रियल इकाइयां सर्वे में ऐसी पाई गई है जो वॉटर ट्रीटमेंट की ओर ध्यान नहीं दे रही है लेकिन हम ऐसी औद्योगिक इकाइयों को सख्त चेतावनी देना चाहते हैं कि वह आने वाले समय में अपने वेस्ट वाटर के ट्रीटमेंट की व्यवस्था स्थाई रूप से करले वरना उद्योगों को भी स्थाई रूप से ही बंद कर दिया जाएगा। नगर निगम आयुक्त द्वारा ऐसी औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बगैर ट्रीटमेंट वाटर नाले नदी और ड्रेनेज लाइन में छोड़ना अपराध है। वही जोन क्रमांक 5 के जोन अधिकारी आशीष राठौर ने बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना के बाद ही सांवेर रोड तक सभी इंडस्ट्रीज की जांच की जा रही है। इस दौरान एक औद्योगिक इकाई द्वारा फैक्ट्री का पानी ड्रेनेज लाइन में छोड़ा जा रहा था जिस पर 50 हजार का स्पॉट फाइन किया गया है। साथ ही ड्रेनेज कनेक्शन विच्छेद कर दिया है।। जब तक ईटीपी प्लांट नहीं लगेगा तब तक फैक्ट्री में कोई काम नहीं होगा। इसके अलावा घरेलू उपयोग वस्तु निर्माण जिसमें प्लास्टिक, हेंडवास, फ्लोर क्लीनर बनाने वाली कंपनियों पर भी कार्यवाही की गई है।



## पौधारोपण का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़ा गणपति पिलियाखाल और पंचकुइया से रास्ता मिलाने वाली दास बगीची पर पौधारोपण का आयोजन किया। पुजारी देवेन्द्र तिवारी, भारत करोसिया, अविनाश शर्मा, संजय यादव उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ

**इंदौर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज कलेक्टर कार्यालय के कक्ष 210 में कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाई जा रही है।



## तिरंगा यात्रा निकाली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नंदन नगर क्षेत्र में तिरंगा इंकलाब यात्रा निकाली गई। स्कूल के विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखी तख्तियां और राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लेकर नारे भी लगाए। डीजे की धुन पर राष्ट्रीय गीत चल रहे थे।

## शिक्षा शास्त्रियों का समागम होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'मध्यप्रदेश ज्ञान सभा वि.स. 2082 का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय आयोजन में शिक्षा शास्त्रियों का समागम होगा। प्रदेश स्तर पर यह पहला आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से विद्यार्थियों में बौद्धिक, नैतिक एवं सामाजिक चेतना का विकास हो सके साथ ही शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश हो इस पर भी चर्चा होगी। उक्त जानकारी पुरुषोत्तम पसारी ने दी।



## मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कालेजों के प्राचार्य, प्राध्यापक शामिल हुए।



## स्कूल में प्रतिभा सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय संयोगितागंज उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।विद्यालय के 21 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, साथ ही स्कूल बैग, प्रमाण पत्र एवं वाटर बॉटल वितरित किए गए। विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नितिन शर्मा, मृदुल अग्रवाल,रुपाली पेंढारकर, प्रो. राजीव शर्मा, विशाल यादव, रानू अग्रवाल, आशीष शर्मा, बंटी वर्मा, पंखुडी डोसी, भावना चौधरी, राजेन्द्र सिंह, चंचला बर्वे, राजकुमार चेलानी मौजूद थे।



# शराब और कार सुधारने के नाम पर मांगे दो हजार रुपए, दो पक्षों में मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भंवरकुआं क्षेत्र के खण्डवा नाका स्थित संत नगर में देर रात शराब पीने और कार की मरम्मत के नाम पर 2 हजार रुपये की मांग को लेकर विवाद हो गया, जो गाली-गलौज और जमकर मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के अनुसार विवाद में शामिल आरोपी मारुति फ्रॉन्स कार नम्बर एमपी 09 बीएफ 0903 से मौके पर पहुंचे थे। घटना देर रात करीब 11 बजे श्रीश्याम रेसिडेंसी के सामने हुई। पार्थ भावसार ने शिकायत में पुलिस को बताया कि आदर्श शर्मा, प्रथम काग और लक्की गोयल कार से आए और शराब पीने व कार के नुकसान की बात कहकर उससे जबरन 2 हजार रुपये मांगने लगे. रुपये देने से इनकार करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी गई। इसी दौरान तुषार और रुपेश मुजाल्दा भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर पार्थ के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, बीच-बचाव करने आए शिवराज वास्कले, नीरज प्रजापत, लोकेन्द्र प्रजापत, कुलदीप तोमर और सचिन गोस्वामी के साथ भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर आदर्श शर्मा ने आरोप लगाया कि कार के बम्पर नुकसान को लेकर बातचीत के दौरान पार्थ और उसके साथियों ने गाली-गलौज कर विवाद किया। मामले में भंवरकुआं पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दो दिन से बीमार युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के केलोद काकड़ में रहने वाले 23 वर्षीय ड्राइवर अमन पिता कैलाश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अमन पिछले दो दिनों से बीमार था और शनिवार को निजी अस्पताल में इलाज कराने के बाद घर लौटा था। रात में परिवार के साथ भोजन करने के बाद वह बाहर बैठने का कहकर निकला था, तभी उसकी हालत फिर बिगड़ गई। सुबह परिजन उसे लेकर बड़े अस्पताल पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी।

## ओंकारेश्वर जा रहे गुजरात के यात्रियों की बस नशेड़ी ड्राइवर ने स्पीड ब्रेकर पर कुदाई

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड से ओंकारेश्वर दर्शन के लिए रवाना हुए गुजरात के श्रद्धालुओं के जत्थे की जान उस वक्त खतरे में पड़ गई जब नशेड़ी बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। तिलक नगर थाना क्षेत्र के पीपल्याहाना चौराहे के पास अनियंत्रित बस को ड्राइवर ने तेज रफ्तार में स्पीड ब्रेकर पर कूदा दिया। इस हादसे में एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि अन्य यात्री अपनी सीटों से नीचे गिर गए। घटना के बाद गुस्साए यात्रियों ने बस रुकवाकर नशे में धूत ड्राइवर की जमकर धुनाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, बस क्रमांक एमपी-09 एफए-1759 में गुजरात के यात्रियों का दल सवार था। सरवटे बस स्टैंड से निकलते ही ड्राइवर बस को काफी तेज और लापरवाही से चला रहा था। यात्रियों ने उसे धीरे चलने के लिए टोका भी, लेकिन उसने अनसुना कर दिया। पीपल्याहाना चौराहे के समीप जैसे ही बस एक बड़े स्पीड ब्रेकर पर उछली, अंदर बैठे यात्री अपनी सीटों से लुढ़क गए। एक महिला यात्री को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद बस में चीख-पुकार मच गई।हादसे के बाद यात्रियों ने बस रुकवाई और जब चालक को नीचे उतारा तो पाया कि वह पूरी तरह नशे में धुत था। यात्रियों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी, इस बीच कंडक्टर ने बीच-बचाव कर इलाज कराने की बात कही, लेकिन आक्रोशित यात्रियों ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुँची तिलक नगर पुलिस ने घायल महिला को निजी अस्पताल भिजवाया और बस को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय

### मणिपुर में शांति की लौ जली ही थी, एक हत्या ने फिर बढ़ा दी आग, वारदात ने सब बदल दिया

मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। पिछले कुछ समय से मणिपुर में जिस तरह हालात थोड़े काबू में दिख रहे हैं, उसके मद्देनजर यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब शायद वहां शांति और स्थिरता लौट सकेगी। मगर बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के बाद फिर से शांति की उम्मीद के धुंधलाने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के अशांत चुराचांदपुर जिले में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर लिया, फिर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उस इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। गुरुवार को हत्या के विरोध में काकचिंग खुन्नौ लामखाई क्षेत्र में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी। जाहिर है, काफी जद्दोजहद के बाद राज्य में जो हालात थोड़े नियंत्रण में आते दिख रहे थे, उसके फिर बिगड़ने की स्थिति बन रही है। खबरों के मुताबिक, काकाचिंग जिले के एक मैतेई युवक की शादी चुराचांदपुर की कुकी जनजाति की युवती से हुई थी। स्थानीय समूहों ने युवक को पत्नी के साथ रहने की इजाजत दे दी थी। मगर इसके बाद अचानक ही कुछ लोगों ने अगवा कर युवक की हत्या कर दी। अपहरणकर्ताओं के एक उग्रवादी कुकी समूह से जुड़े होने का संदेह है। हालांकि इस घटना की जांच का जिम्मा एनआइए को दे दिया गया है और निष्कर्ष आने के बाद ही हकीकत सामने आएगी। मगर हत्या के पीछे उन तत्त्वों का हाथ होने की आशंका है, जो नहीं चाहते कि राज्य में शांति फिर से पटरी पर लौटे। आपस में दो विरोधी समुदायों के युवक-युवती की शादी के बाद जब स्थानीय समूहों ने दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी थी, तो यह पहल सामुदायिक स्तर पर भी सद्भाव की वापसी की एक कड़ी बन सकती थी। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच सहमति आधारित समाधान की राह की तलाश करने में मदद मिल सकती थी। मगर वे कौन लोग हैं, जिन्हें इस पर आपत्ति हुई और उन्होंने अपहरण करके युवक की हत्या कर दी? साफ है कि इस घटना को अंजाम देने वालों का मकसद फिर से दोनों समुदायों के बीच अशांति और हिंसा को भड़काना है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति की हत्या भी बेहद दुखद है, लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि किसी भी घटना को अशांति पैदा करने का कारण न बनने दिया जाए। मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। लगातार हिंसा और अराजकता में पिछले कुछ समय से थोड़ी कमी देखी जा रही है, मगर जमीन पर दोनों समुदायों के बीच विभाजन की स्थिति अभी भी बनी हुई है। इसे पाटने के लिए सरकार को हर उस पहल का समर्थन करना चाहिए और कुकी तथा मैतेई समुदाय के बीच समझौते की स्थितियों का निर्माण करना चाहिए, जिससे राज्य में शांति कायम हो सके। इस क्रम में केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कई कुकी-जो संगठनों के बीच एसओओ यानी 'सस्पेंशन आफ आपरेशन्स' समझौता हुआ था, जिसका मकसद उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक संवाद शुरू करना और हिंसा को समाप्त करना है। मगर अब भी कुछ समूह इससे बाहर हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मणिपुर में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में जरूर दिख रही है और इसके सहारे शांति की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन इस स्थिति में अगर निरंतरता नहीं बनी रही, तो एक छोटी चिंगारी भी हिंसा की आग को फिर से भड़का सकती है।

# गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## राजबाड़ा पर निकला फ्लैग मार्च, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशों पर शनिवार रात को शहर के चप्पे-चप्पे पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आपातकालीन स्थिति में पुलिस और प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेना रहा। अतिपुलिस आयुक्त अमित सिंह और आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस की विशेष टीमों ने बी.डी.एस. दस्ते और स्निफर डॉग्स की मदद से रेलवे स्टेशन, सरवटे व गंगवाल बस स्टैंड, नेहरू स्टेडियम और प्रमुख मॉल्स में संदिग्ध वस्तुओं की सघन तलाशी ली।

सुरक्षा के इस बड़े मोर्चे पर एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह, डीसीपी जोन-04 आनंद कलादगी और एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने खुद कमान संभाली। इन वरिष्ठ अधिकारियों ने भारी पुलिसबल के साथ राजबाड़ा और उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया और फ्लैग मार्च निकालकर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस उपकरणों जैसे एच.एच.एम.डी. के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस का यह पैदल मार्च शहर के विभिन्न हिस्सों में पहुँचकर लोगों के बीच अनुशासन और सतर्कता का संदेश देने में सफल रहा।

इसके अलावा शहर के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित होटल, लॉज, धर्मशालाओं और रैनबसेरों में भी पुलिस टीमों ने दबिश देकर वहां रुके हुए संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी नए व्यक्ति को रुकवाने से पहले उसकी पूरी पहचान सुनिश्चित की जाए और यदि किसी की गतिविधि संदिग्ध लगती है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने को दी जाए।

# 5 दिन से लापता रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे की पातालपानी की खाई में तलाश

## एसडीआरएफ और देहात पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर के बेटे मनीष गवई के लापता होने के मामले में अब पातालपानी की गहरी खाइयों में तलाश शुरू कर दी गई है। मनीष पिछले 21 जनवरी से लापता है और शनिवार को पातालपानी क्षेत्र में खाई के पास उसकी चप्पल मिलने के बाद किसी अनहोनी की आशंका और भी ज्यादा गहरा गई है। देहात पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने खाई में उतरकर बड़े पैमाने पर रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन की कमान संभाल ली है।

थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी के मुताबिक, मनीष पिता जगन्नाथ गवई गत मंगलवार को अपने घर से चिड़ियाघर जाने का कहकर निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। परिजनों की चिंता तब बढ़ी जब मनीष के बड़े भाई के मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें मनीष ने किन्हीं कारणों से व्यथित होकर पातालपानी जाकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। मैसेज मिलते ही परिजन बदहवास हालत में पातालपानी पहुँचे थे, लेकिन रात के अंधेरे और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। इसके बाद एरोड्रम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई और पुलिस ने तकनीकी आधार पर उसकी लोकेशन खंगालना शुरू किया।

शनिवार को महू और देहात पुलिस की सर्चिंग के दौरान पातालपानी में गहरी खाई के मुहाने पर एक जोड़ी चप्पल पड़ी मिली, जिसकी पहचान परिजनों ने मनीष की चप्पल के रूप में की है। शनिवार शाम को अंधेरा अधिक होने और खाई की गहराई ज्यादा होने के कारण सर्चिंग रोक दी गई थी, जिसे आज सुबह से दोबारा शुरू किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टीमें पूरी सावधानी के साथ गहरी खाइयों और झाड़ियों के बीच मनीष की तलाश कर रही हैं। फिलहाल मनीष का मोबाइल बंद है और पुलिस उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स व दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घर से निकलने के असली कारणों का पता चल सके।

# पुलिस का मिडनाइट स्ट्राइक, 540 बदमाश चेक 170 शराबी वाहन चालकों पर गिरी गाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट









गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात अपराधियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा 'सरप्राइज चेकिंग' अभियान चलाया। शहर के चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस बल ने आधी रात को सड़कों पर उतरकर गुंडे, बदमाशों और असामाजिक तत्वों की घेराबंदी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 540 से ज्यादा बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 264 के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस ने कुल 61 गैर-जमानती वारंट तामील कराए, जिनमें 18 स्थाई वारंटी और 43 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके साथ ही कई जमानती वारंट भी तामील किए गए। पुलिस की इस सक्रियता से उन अपराधियों में हड़कंप मच गया जो लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे।

### शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों पर कड़ा प्रहार

सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। चेकिंग के दौरान 170 ऐसे वाहन चालक पकड़े गए जो नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। इनमें 110 दोपहिया और 60 चार पहिया वाहन चालक शामिल हैं, जिन पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस का कहना है कि लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे चालकों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### ड्रोन से निगरानी और हॉटस्पॉट की चेकिंग

आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों और 'शैडो एरिया' में ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए आसमान से भी नजर रखी। इस दौरान 155 हॉटस्पॉट, 50 मल्टी और 115 शैडो एरिया चेक किए गए। पुलिस ने क्षेत्र के 92 गुंडे-बदमाशों, 63 चाकूबाजों, 3 ड्रग पेडलर और 31 जिलाबदर अपराधियों के साथ ही महिला संबंधी अपराधों और आगजनी में संलिप्त अपराधियों को चेक किया। करीब 30 संदिग्धों पर मौके पर ही कार्यवाही की गई और सभी को सख्त हिदायत दी गई कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त पाए गए, तो जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## शादी के रिसेप्शन में 'पूड़ी' को लेकर चले लात-घूंसे, दोनों पक्षों पर केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लसूड़िया थाना क्षेत्र की एक धर्मशाला में आयोजित रिसेप्शन समारोह उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब खाना परोसने के दौरान 'पूड़ी' खत्म होने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिससे समारोह में आए मेहमानों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है।

घटना निरंजनपुर स्थित गुजराती समाज धर्मशाला की है। एक पक्ष से फरियादी अरुण परमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि वह मेहमानों को खाना परोस रहा था। जब आरोपियों अरुण, सचिन और सन्नी ने पूड़ी मांगी, तो उसने कहा कि अभी खत्म हो गई है, लाकर देता हूं। इसी बात पर आरोपी भड़क गए और 'हमें बेवकूफ समझ रहे हो' कहकर मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से बुजुर्ग फरियादी ओमप्रकाश धारिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि पूड़ी परोसने वाला अरुण केवल अपने परिचितों को ही पूड़ी दे रहा था। जब उनके भतीजे ने पूड़ी मांगी, तो उसने गाली-गलौज की। बीच-बचाव करने आई उनकी बेटी हेमा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। लसूड़िया पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अरुण धारिया, सचिन, सन्नी, बंशीलाल और अरुण परमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी में क्यों नही आए? इसी बात पर साढू और साले ने दामाद को कूटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक समारोह के दौरान रिश्तों की गरिमा तार-तार हो गई। शादी में शामिल न होने जैसी छोटी सी बात को लेकर साढू और साले ने मिलकर एक व्यक्ति की मेहमानों के सामने ही जमकर पिटाई कर दी। फरियादी राजा पहाड़िया उर्फ लड्डू ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी दीपिका भूरी टेकरी स्थित कम्यूनिटी हॉल में एक कार्यक्रम में गई थी। वहां से पत्नी का फोन आया कि कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं। जब राजा अपनी पत्नी को लेने पहुंचा, तो वहां मौजूद उसका साढू लखन भड़क गया। लखन ने राजा को गालियां देते हुए कहा कि 'तू शादी में क्यों नहीं आया?' जब राजा ने विरोध किया, तो लखन, पत्नी के भतीजे पीयूष और साले विनीत ने मिलकर उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। कनाड़िया पुलिस ने राजा की शिकायत पर आरोपी लखन, पीयूष और विनीत के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## गोलीकांड में फरार अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

किशनगंज क्षेत्र में हुए गोलीकांड में फरार चार और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी पहले ही पकड़ा जा चुका है।थाना किशनगंज इलाके में गत दिवस वेटरनरी कॉलेज गेट के बाहर 17 जनवरी को एक गुमटी पर दो पक्षों में हुए विवाद के दौरान युवक दीपक आंजना पर आरोपियों ने दो फायर कर गोली मार दी थी। उसका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि उक्त घटना में फरार एक आरोपी तुषार आर्य को पहले ही पकड़ लिया था। जबकि आरोपी निक्की, रजत, सुजल पिता महेश सोलंकी और अमित पिता छोटेलाल खीची फरार चल रहे थे।

इन्हें भी कल गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि निक्की पिता राजेश यादव और रजत पिता नरेश यादव निवासी इंदौर का ग्राम कोदारिया निवासी अतुल यादव, आकाश यादव, अभिषेक यादव, दीपक आंजना से विवाद के चलते दोनों पक्ष 17 जनवरी को वेटरनरी कॉलेज के बाहर बातचीत के लिए एकत्र हुए थे। उसी दौरान विवाद बढ़ने पर आरोपी निक्की के साथ आए आरोपी तुषार आर्य ने दीपक आंजना पर गोलियां चला दी थी।

## बीसीबी डायरेक्टर ने दिया इस्तीफा, मचा बवाल

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बांग्लादेश को अधिकारिक तौर पर बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट को एक और मुश्किल दौर का सामना करना पड़ा है। आईसीसी के इस कड़े फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के एक सीनियर अधिकारी ने उसी दिन इस्तीफा दे दिया। बीसीबी के डायरेक्टर और गेम डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन इश्तियाक सादिक ने आईसीसी द्वारा स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने की पुष्टि करने के कुछ घंटों बाद अपना पद छोड़ने का फैसला किया। हालांकि इस इस्तीफे के पीछे उन्होंने निजी कारण बताया। बता दें, भारत और बांग्लादेश के बीच जारी तनाव के चलते बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड आगामी टी20 वर्ल्ड कप में अपने मैच भारत में खेलने के लिए तैयार नहीं था। आईसीसी के लाख समझाने पर भी बांग्लादेश जिद्द पर अड़ा रहा। नतीजा यह रहा कि आईसीसी ने उन्हें टूर्नामेंट से ही बाहर का रास्ता दिखाया।

सादिक ने अपने इस्तीफे की वजह पर्सनल और पारिवारिक कारण बताए। उन्होंने कहा कि वह अब उस रोल को पूरा समय नहीं दे पा रहे हैं, जिसमें पूरी कमिटमेंट की जरूरत होती है। उनका जाना ऐसे नाजुक समय में हुआ है, जब वर्ल्ड कप विवाद के बाद बांग्लादेश क्रिकेट पहले से ही भारी आलोचना झेल रहा है। इश्तियाक सादिक ने क्रिकबज से कहा, 'यह सच है कि मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मेरा मानना है कि मैं अपने परिवार और पर्सनल कमिटमेंट्स की वजह से गेम डेवलपमेंट जैसे इतने बड़े समुदाय के लिए जरूरी समय नहीं दे पा रहा हूं, जहां मैं अभी काम कर रहा हूं। मैं गेम डेवलपमेंट को तेज करने के लिए जरूरी कोशिश नहीं कर पा रहा हूं। इसी वजह से मुझे पर्सनली अफसोस है कि मैं इस पद के साथ न्याय नहीं कर पा रहा हूं। इसीलिए मैं यहां से इस्तीफा दे रहा हूं।' सादिक ने इस बात से इनकार किया कि उनके फैसले का अंदरूनी झगड़ों या आईसीसी मुद्दे से कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा, यह दावा कि मैं किसी गलतफहमी, इस बोर्ड में किसी के साथ रिश्तों में दिक्कत, या किसी दुख या शिकायत की वजह से जा रहा हूं, पूरी तरह गलत है। जो भी मेरे साथ थे, उन्होंने अपने-अपने तरीके से पूरी कोशिश की।ष्बता दें, आईसीसी ने बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर स्कॉटलैंड को जगह दी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **प्रतिक्षा राहुल शर्मा** था जो अब परिवर्तित कर **प्रतिक्षा शर्मा हो** गया है, अब भविष्य में मुझे **प्रतिक्षा शर्मा** नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**प्रतिक्षा शर्मा**
**349 गांधीनगर इन्दौर**
**मो.-70400-32377**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री अनिल कुमार पिता ताराचंद गर्ग** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1001063696 पता 7/3 यशवंत निवास रोड इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री अजय पिता स्व. श्री कैलाश सोलंकी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.100975496 पता 798-3 मालवीय नगर इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



# 250 खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट परीक्षा में सफलता

**इन्दौर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में विदिशा में ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। ब्लैक बेल्ट परीक्षा में मध्य प्रदेश से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उक्त परीक्षा में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के 52 खिलाड़ियों ने भाग लेकर सफलता अर्जित की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व सभी पदाधिकारी ने बधाई दी।

## वर्ल्ड कप में इस दिन भिड़ेंगे भारत-पाक के जूनियर खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत ने जीत की हैट्रिक लगाते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 ग्रुप स्टेज का अंत किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए आखिरी मुकाबले को टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीता। इस जीत के साथ भारत ग्रुप-बी में पहले स्थान पर तो बांग्लादेश दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे पायदान पर रही। भारत का ग्रुप में टॉप करने का मतलब है कि सुपर-6 में फैंस को इंडिया वर्सेस पाकिस्तान महामुकाबला देखने को मिलेगा। जी हां, सुपर-6 में आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली टीम इंडिया पाकिस्तान के अलावा जिम्बाब्वे से भिड़ेगी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप के नियम ऐसे हैं कि जो तीन टीमें ग्रुप से सुपर सिक्स में पहुंचती हैं, वे सुपर सिक्स की दूसरी टीमों के खिलाफ हासिल किए गए पॉइंट्स को आगे ले जाती हैं, ऐसे में उन्हें सुपर-6 में दो ही मैच खेलने होंगे। यह मैच उन टीमों के खिलाफ होंगे जिनकी ग्रुप स्टेज में रैंकिंग उनसे अलग थी, उदाहरण के लिए, ए1, डी2 और डी3 के खिलाफ खेलेगी, लेकिन डी1 के खिलाफ नहीं। ग्रुप ए और डी एक साथ सुपर सिक्स ग्रुप में हैं, और ग्रुप बी और सी दूसरे ग्रुप में हैं।

## आज जीते तो...

# अंतिम दो मुकाबलों में टीम में होगा बदलाव

**गुवाहाटी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया 2-0 से आगे है। सीरीज का तीसरा मैच जीतकर भारत सीरीज अपने नाम करना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड सीरीज में बने रहने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा। इस अहम मुकाबले के लिए भारतीय टीम में दो बड़े बदलाव होने की संभावना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी, जबकि दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले कुलदीप यादव को बाहर बैठना पड़ सकता है।

दूसरे मैच में चोट के कारण उप-कप्तान अक्षर पटेल नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह टीम में कुलदीप यादव को शामिल किया गया था। कुलदीप ने दूसरे मैच में किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए थे। जहां बाकी गेंदबाजों ने रन लुटाए, वहीं कुलदीप ने न सिर्फ विकेट लिए बल्कि रन रेट पर भी लगाम लगाई। अब अक्षर पटेल की वापसी के साथ कुलदीप को बाहर बैठना पड़ सकता है।




वहीं, दूसरे मैच से आराम दिए गए मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीसरे मैच में टीम में वापस आ जाएंगे। उनकी जगह दूसरे मैच में खेलने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा को बुमराह के लिए जगह बनानी होगी और वह संभवतः बेंच पर लौट जाएंगे। इन दो बड़े बदलावों के अलावा टीम में ज्यादा फेरबदल की उम्मीद नहीं है। भारतीय टीम इस संयोजन के साथ ऊ20 वर्ल्ड कप भी खेलेगी, इसलिए वे तीसरे मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन उतारना चाहेंगे।

### तीसरे मैच के लिए संभावित प्लेइंग इलेवन इस प्रकार हैः

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह।

# इंग्लैंड का धांसू कमबैक, श्रीलंका को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला कल खेला गया। यह मैच इंग्लैंड ने 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। इसी के साथ अब सीरीज का स्कोर 1-1 से बराबर हो गया है। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला 27 जनवरी को कोलंबो में ही खेला जाएगा।

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। हालांकि, श्रीलंका का यह फैसला सही साबित नहीं हुआ। श्रीलंका 49.3 ओवर में 219 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 45 रन कप्तान चरिथ असलंका ने बनाए।






असलंका ने 64 बॉल की पारी में 1 चौका जड़ा था। धनंज्य डी सिल्वा ने 40 रन बनाए थे। इसके अलावा पथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने 26-26 रन बनाए थे। 29 रन पवन रथनायके ने बनाए थे। 20 रन डुनिथ वेलालागे ने बनाए। 12 रन जनिथ लियनागे ने बनाए। कमिल मिशारा 5 रन बनाकर ही आउट हो गए थे। इंग्लैंड के लिए 2-2 विकेट जेमी ओवर्टन, आदिल राशिद और जो रूट ने लिए। 1-1 विकेट लियाम डॉसन, विल जैक्स और रेहान अहमद ने लिए।

इंग्लैंड ने 46.2 ओवर में 220 रन का टारगेट 5 विकेट रहते चेज कर लिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने 5 चौके के चलते सर्वाधिक 75 रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 42 रन बनाए। इसके अलावा पारी का आगाज करते हुए बेन डकेट ने 39 रन ठोके। जोस बटलर ने 21 गेंद में नाबाद 33 रन बनाए। जैकब बेथेल फेल रहे। वह 6 रन बनाकर आउट हो गए। रेहान अहमद पारी का आगाज करने के लिए आए थे। लेकिन, वह 13 रन बनाकर आउट हो गए। विल जैक्स 8 रन बनाकर नाबाद रहे थे। श्रीलंका के लिए जैफरी वांडरसे और धनंज्य डी सिल्वा ने 2-2 विकेट लिए थे। 1 विकेट असिथ फर्नानंडो ने लिया था।

## अरिहंत, विवेक, अमन, ईशा, सोमा, तेजस्विनी ने दिखाया पॉवर



**इंदौर।** इंदौर जिला क्लासिक सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन शनिवार को श्रीराम जिम, रोबोट चौराहा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग के विभिन्न वजन वर्ग में 59 किग्रा वर्ग में प्रथम अरिहंत जैन, द्वितीय प्रवीन कटोरे, तृतीय आदित्य बुधाना रहे। 66 किग्रा वर्ग में प्रथम विवेक पांडे, द्वितीय गौरव पटेल रहे। 74 किग्रा वर्ग में प्रथम अमन भगत, द्वितीय अभिजीत वर्मा, तृतीय शिवम कुमार किशोर रहे। 83 किग्रा वर्ग में प्रथम निखिल सोमानी, द्वितीय आशुतोष शर्मा, तृतीय समय कुमार जैन रहे। 93 किग्रा वर्ग में प्रथम आदित्य भावसार, द्वितीय प्रवीन जमदार, तृतीय हर्ष अखाड़े रहे। 105 किग्रा वर्ग में प्रथम स्नेहराज सिंह पवार, 120 किग्रा वर्ग में प्रथम बुद्धदेव सिन्हा, द्वितीय आकाश द्विवेदी तथा +120 किग्रा वर्ग में प्रथम परितेश पाल, द्वितीय युवराज सोलंकी रहे। महिला वर्ग में 52 किग्रा वर्ग में प्रथम ईशा अटोडे, 57 किग्रा वर्ग में प्रथम सोमा सिंह, 69 किग्रा वर्ग में प्रथम तेजस्विनी डेलवार तथा द्वितीय रोशन खेडे रही। 76 किग्रा वर्ग में प्रथम यशस्वी जैन तथा द्वितीय मोहानी हनोतिया रही। पुरस्कार वितरण विमल प्रजापति, देवेंद्र सिंह खनूजा, संजीव राजदान, श्रीराम तारे, मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल, हर्षिता जागिड़, रमेश नामदेव, आदित्य द्विवेदी, शैलेंद्र जोशी, सुमित पालीवाल, तनिष पालीवाल, दिलीप भूरिया, जितेंद्र चौहान, राजेश्वर वर्मा, चिराग जोशी, विकास जोशी, मनीष लश्करी, कैलाश जोशी, अंबिकेश तिवारी, अतिथि एवं जे.सी. राठौर शामिल रहे।

## ईशान और पूनम को राष्ट्रीय स्पर्धा में सफलता

**इन्दौर।** विगत दिवस जयपुर में राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 18 से 22 तारीख तक खेली गई जिनमें इंदौर के दो खिलाड़ियों आईटीबीपी के ईशान शर्मा ने कांस्य पदक जीता अथवा पूनम मालवीय ने भी कांस्य पदक अर्जित कर इंदौर का नाम गौरविन किया। ये दोनों खिलाड़ी इंदौर के ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी हैं। इन्हें विश्वामित्र अवार्डी वीरेंद्र पंवार, कोच आकाश ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रितिक यादव, रश्मि कौशल, हिमांशी यादव ने बधाई दी।

## हॉकी में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर शोएब होंगे सम्मानित

**इंदौर।** विद्युत मंडल की 47वीं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में मप्र ऊर्जा विभाग की पावर मैनेजमेंट को कंपनी को कांस्य पदक हुआ है। इस स्पर्धा में पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी की विजिलेंस शाखा के लाइन कर्मचारी शोएब बख्शी ने उम्दा प्रदर्शन किया था। शोएब बख्शी को हाकी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर जबलपुर में ऊर्जा विभाग के राज्य स्तर के सम्मान समारोह में पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है, उन्हें 26 जनवरी को प्रदेश के ऊर्जा सचिव व विद्युत वितरण कंपनियों के चेयरमैन श्री विशेष गढ़पाले सम्मानित करेंगे।



# कार ने रफ्तार पर खोया नियंत्रण...

## चपेट में आए 2 कार और 2 बाइक

### बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने देर रात हुआ हादसा






इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर में कार दुर्घटना थमने का नाम ही नहीं ले रहे। तेज रफ्तार कार ने एक बार फिर अपना नियंत्रण खोया और दुर्घटना का शिकार हो गई। इसकी चपेट में दो अन्य कारें और दो बाइक भी आ गए। गनीमत रही कि इस घटना में गंभीर चोट नहीं लगी, लेकिन वाहनों के हालात देखकर कार की स्पीड और टक्कर मारने का अंदाजा लगाया जा सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 2:30 बजे महालक्ष्मी नगर से बॉम्बे हॉस्पिटल की ओर जाने वाले मार्ग चौराहे के समीप हुई। एक तेज रफ्तार हुंडई कार क्रमांक एमपी-09 डब्ल्यूएच-8374 ने सड़क किनारे खड़ी रिट्ज कार क्रमांक एमपी-09 सीएन-5977 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिट्ज कार ने आगे खड़ी बाइक और बुलेट को अपनी चपेट में लिया और उन्हें टक्कर मारते हुए आगे खड़ी एक दूसरी कार क्रमांक एमपी-09 एएम-0249 में जा भिड़ी। बाइक और बुलेट तो तलघर में जा गिरे। कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रिट्ज कार ने आगे खड़ी कार को जब टक्कर मारी तो उसका पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में युवक और युवती सवार थे, हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। वहीं टक्कर मारने वाली कार चालक की भी एयरबैग खुलने से जान बच गई।

# अंतरराज्यीय तस्कर नारकोटिक्स की गिरफ्त में, स्मैक भी जब्त



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 7 लाख 10 हजार रुपये कीमत की 143 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। नारकोटिक्स डीआईजी महेश चंद जैन ने बताया कि नारकोटिक्स विंग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लवीन उर्फ भूपेंद्र पिता राजेंद्र सवालकर, निवासी राजेंद्र नगर, कनाडिया अंडरब्रिज के पास किसी अज्ञात व्यक्ति को बड़ी मात्रा में स्मैक देने आने वाला है। सूचना पर निरीक्षक हरीश सोलंकी के नेतृत्व में टीम ने एबी रोड हाईवे स्थित कनाडिया ब्रिज के पास घेराबंदी कर आरोपी को 143 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्मैक हर्ष इंचूलकर निवासी पिपलियाहाना इंदौर से लाना बताया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि लवीन उर्फ भूपेंद्र पूर्व से जिला बदर है और दोनों आरोपी पहले हत्या के मामलों में जिला जेल इंदौर में रह चुके हैं, जहां उनकी पहचान हुई थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# महिला गार्ड की हत्या में बिना नंबर के स्कूटर पर दिखे दो संदिग्ध!

## डीसीपी ने घोषित किया आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बाणगंगा क्षेत्र के नंदबाग में हुई फैक्ट्रीकर्मी महिला सुरक्षा गार्ड गायत्री कुर्मी की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में दो संदिग्ध युवक एक बिना नंबर के स्कूटर पर नजर आए हैं। पुलिस ने इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है और इनकी धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम भी गठित की गई है।

शुक्रवार सुबह नंदबाग इलाके में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब गायत्री कुर्मी का शव उनके ही कमरे में मिला था। हत्यारों ने बड़ी बेरहमी से महिला के हाथ-पैर बांध दिए थे और शोर न मचा सके, इसलिए मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था। अज्ञात आरोपियों ने गला घोंटकर इस वारदात को तब अंजाम दिया जब गायत्री सुबह 6 बजे अपनी ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रही थी। पुलिस को मौके से लूटपाट के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, जिससे मामला आपसी रंजिश या किसी सुनियोजित साजिश की ओर इशारा कर रहा है। जांच के लिए गठित विशेष पुलिस टीम ने इलाके के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो दो संदिग्ध युवक बिना नंबर के स्कूटर पर सवार दिखाई दिए।

ये संदिग्ध वारदात से करीब 20-25 मिनट पहले महिला के घर की दिशा में आते-जाते और इलाके में रेकी करते नजर आए थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों का पूरा रूट मैप तैयार कर लिया है और उनके हुलिए के आधार पर तलाश तेज कर दी गई है। हालांकि, मृतका के परिजनों ने फुटेज देखने के बाद आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया है, जिससे पुलिस अब बाहरी संदिग्धों और फैक्टरी के पुराने कर्मचारियों के रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पुलिस ने फैक्टरी के कुछ कर्मचारियों से पूछताछ की है और मैदानी स्तर पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। बाणगंगा पुलिस का दावा है कि आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल चुके हैं और वे जल्द ही कानून की गिरफ्त में होंगे।

## बेखौफ घूम रहा जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पलासिया पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे जिला बदर किया गया था, लेकिन वह नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में ही घूम रहा था। पलासिया पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी का नाम विनय उर्फ लल्ला पिता जगदीश बौरासी, निवासी बड़ी ग्वाल टोली है। आरोपी विनय के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज होने के कारण पुलिस कमिश्नर ने उसे जिला बदर किया था। शनिवार को पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी विनय अपने ही क्षेत्र और आसपास के प्रतिबंधित इलाकों में देखा गया है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे मौके पर ही धर दबोचा। आरोपी को शहर की सीमा में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी, इसके बावजूद वह आदेश की अवहेलना कर यहाँ घूम रहा था।पलासिया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

## सी-21 मॉल के पास युवक का बैग गुम

### एयरफोर्स का एडमिट कार्ड और पिता की बाइक के दस्तावेज गायब

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विजयनगर क्षेत्र में एक युवक का बैग गुम होने का मामला सामने आया है। इस बैग में भारतीय वायुसेना की परीक्षा का एडमिट कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। युवक ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है ताकि उसका भविष्य प्रभावित न हो। पुलिस के मुताबिक, फरियादी सार्थक सेन पिता जितेंद्र सेन (22), निवासी सुदामा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गत दिनों अपने पिता को टिफिन देने के लिए एसीपी ऑफिस विजयनगर आया था। इसी दौरान सी-21 मॉल के आसपास उसका बैग कहीं गिर गया या गुम हो गया। बैग में इंडियन एयरफोर्स का एडमिट कार्ड पिता की मोटर साइकिल का ओरिजिनल रजिस्ट्रेशन कार्ड व अन्य व्यक्तिगत जरूरी कागजात रखे थे। विजयनगर थाना पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।